कोड-002

# वार्षिक परीक्षा 2017-18

कक्षा- ग्यारहवीं | विषय - व्यवसाय अध्ययन

समय - 3.00 घंटे | पूर्णांक - 90

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।

प्रश्न क्र. 1 से 8 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 9 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 15 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 20 से 23 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 24 से 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 6 अंक निर्धारित है ।

---

प्रश्न 1. किस प्रकार की क्रियाओं का संबंध सेवा भाव तथा जन कल्याण से होता है ?

प्रश्न 2. कौन सा व्यापार बिना पंजीकरण के शुरु किया जा सकता है ?

प्रश्न 3. ऐसे दो उपक्रम का नाम बताइए जो विभागीय उपक्रम के रुप में कार्य कर रहे हैं ?

प्रश्न 4. कम्प्यूटर द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर संदेश भेजने की प्रक्रिया क्या कहलाती है ?

प्रश्न 5. सेबी का पूरा नाम बताइए ।

प्रश्न 6. ग्रामीण तथा लघु उद्योग क्षेत्र के किन्हीं दो उपसमूहों के नाम बताइए ।

प्रश्न 7. उपभोक्ताओं की उस संस्था को क्या कहते हैं जो नीची दरों पर माल उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराते हैं ?

प्रश्न 8. विश्व बैंक की स्थापना कब की गई ?

प्रश्न 9. व्यवसाय की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

प्रश्न 10. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को स्वरुपों को समझाइये ।

प्रश्न 11. ई-बैंकिंग क्या है ? ई-बैंकिंग के लाभ क्या है ?

प्रश्न 12. स्मार्ट कार्ड के लाभ बताइये ।

प्रश्न 13. कुटीर उद्योगों की प्रमुख विशेपताएं बताइए ।

प्रश्न 14. दो देशों के बीच व्यापार के प्रमुख कारण क्या है ?

प्रश्न 15. साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले नियम कौन-कौन सी है ? लिखिए ।

प्रश्न 16. नई औद्योगिक नीति सन् 1991 के प्रमुख चार तत्वों का उल्लेख कीजिए ।

प्रश्न 17. वातावरण क्या है ? वातावरण प्रदूषण क्या है ?

प्रश्न 18. प्रवर्तकों के किन्हीं दो कार्यों का उल्लेख कीजिए ।

प्रश्न 19. श्रृंखलाबद्ध/बहुसंख्यक दुकानों के लाभ लिखिए ।

प्रश्न 20. वाणिज्य से संबंधित किन्हीं पांच क्रियाओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

व्यवसाय तथा पेशा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 21. प्रदूषण नियंत्रण की आवश्यकता के मुख्य बिन्दु लिखिए।

अथवा

व्यवसायिक नैतिकता के विभिन्न तत्वों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 22. भारत के समाजिक आर्थिक विकास में लघु स्तरीय उद्योग क्या योगदान देते हैं ?

अथवा

कुटीर एवं लघु उद्योगों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 23. आयात व्यापार हेतु आवश्यक प्रमुख स्त्रोत कौन-कौन से हैं ? समझाइये।

अथवा

विश्व बैंक के उद्देश्य समझाइये।

प्रश्न 24. उपभोक्ता सहकारी भंडार के लक्षण या विशेषताएं लिखिए।

अथवा

आकार एवं संसाधनों की सीमाओं के होते हुए भी लोग एकल व्यवसाय को अन्य संगठनों की तुलना में प्राथमिकता क्यों देते हैं ?

प्रश्न 25. जीवन बीमा की विशेषताएं समझाइये।

अथवा

बैंकों का महत्व या व्यापारिक बैंकों का महत्व बताइये।

प्रश्न 26. अंश एवं ऋणपत्र में अंतर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

सार्वजनिक जमा एवं संचित आय के व्यवसायिक वित्त की प्रणालियों के गुणों को बताइए।

प्रश्न 27. थोक व्यापारी एवं फुटकर व्यापारी में अंतर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

बीजक एवं सूचनार्थ बीजक में अंतर बताओ।

---00--